मद संख्या-2

विषय- प्रस्तावित बजट 1992-93 एवं वर्ष 1991-92 का आय-व्यय लेखा।

वर्ष 1992-93 हेतु प्राधिकरण का प्रस्तावित बजट एवं वर्ष 1991-92 की आय-व्यय लेखे के विस्तृत विवरण एवं उनसे सम्बन्धित स्पष्टीकरणों/टिप्पणियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। अतः वर्ष 1992-93 के बजट सहित आय-व्यय के लेखों का विस्तृत विवरण प्राधिकरण की बैठक से पूर्व माननीय सदस्यों को पृथक से उपलब्ध करा दिया जायेगा। बैठक में विचारोपरान्त इसका अनुमोदन किया जाना निवेदित है।

सचिव
हरिद्वार विकास प्राधिकरण
हरिद्वार

हरिद्वार विकास प्राधिकरण,हरिद्वार ।

प्रस्तावित बजट वर्ष 1992-93 एवं वर्ष 1991-92 का आय-व्यय लेखा :-

हरिद्वार विकास प्राधिकरण,हरिद्वार की स्थापना वर्ष 1986 में हुई थी । गत वर्ष 1991-1992 का बजट प्राधिकरण की बैठक दिनांक 4-10-91 में पारित किया गया था । गत वर्ष के बजट तथा 1992-1993 के प्रस्तावित बजट एवं वर्ष 1991-1992 के वास्तविक आय-व्यय का लेखा मदवार प्रत्येक मद के आँकड़ो सहित परिशिष्ट [क] के रूप में संलग्न है । प्राधिकरण के हितों को ध्यान में रखकर इन्कम यील्डिंग एसैट्स संबंधी व इन्फ्रा स्टैक्चर योजनाओं का यथा सम्भव समावेश किया गया है । संलग्न परिशिष्ट [क] तथा परिशिष्ट के अन्त में "बजट एक दृष्टि में" वाले विवरण से स्पष्ट होगा कि इस बार 1992-93 की आय का बजट प्राविधान रुपये- 1105.75 लाख मात्र [ रुपये- गयारह करोड़ पाँच लाख पिचहत्तार हजार मात्र] के विरुद्ध रुपये- 1043.33 [ रुपये- दस करोड़ तिरतालिस लाख तैंतीस हजार मात्र] का व्यय किया जाना प्रस्तावित किया गया है ।

गत वर्ष 1991-92 रुपयें में 776.00 लाख [ रुपये- सात करोड़ छियत्तार लाख] आय का प्राविधान किया गया था । इसके विरुद्ध रुपये- 773.40 लाख [ रुपये- सात करोड़ तिहत्तार लाख चालीस हजार मात्र ] का व्यय प्रस्तावित किया गया था । इन बजट प्राविधानों के विरुद्ध वर्ष 1991-92 की वास्तविक आय रुपये- 248.06 लाख [ दो करोड़ अड़तालिस लाख छः हजार] हुई है तथा वर्ष 1991-92 का वास्तविक व्यय रुपये- 281.74 लाख हुआ है । वस्तुतः अर्ध कुम्भ मेला-1992,हरिद्वार के तैयारी कार्यो के परिपेक्ष्य में विकास प्राधिकरण, हरिद्वार को काफी आवश्यक कार्य जनता की माँग एवं वास्तविक आवश्यकता को ध्यान में रखकर करने के कारण वर्ष 1991-92 में रुपये- 248.06 लाख के आय के विरुद्ध रुपये- 281.74 लाख व्यय करना पड़ा है । इस प्रकार रु0-33.68 लाख [ 281.74-248.06] आय से अधिक व्यय करना पड़ा है । आय से अधिक यह व्यय विगत वर्षो के विनियोजित धन इत्यादि में से किया गया है ।

गत वर्ष 1991-92 में प्रस्तावित आय-बजट रुपये- 776.00 लाख के विरुद्ध वास्तविक आय रुपये- 248.06 तथा प्रस्तावित व्यय-बजट रुपये-773.40 के विरुद्ध रुपये- 281.74 लाख वास्तविक व्यय हुआ है । बजट प्राविधानों के अनुसार वर्ष 1991-92 में वास्तविक आय तथा व्यय कम होने का विशेष कारण यह रहा है कि वस्तुतः अर्द्धकुम्भ हरिद्वार की तैयारियों में प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा है । इस योगदान के कारण प्राधिकरण स्टाफ को अधिकांश समय मेला कार्यो में देना पड़ा, जिसके कारण प्राधिकरण की योजनाएं प्रभावित हुई ।

....2/

वस्तुतः प्राधिकरण की स्थापना से पाँच वर्ष व्यतीत होने तक किसी भूमि का अधिग्रहण सम्भव नहीं हुआ था तथा प्राधिकरण की गतिविधियां नगण्य ही रहीं। इसी कारण वर्ष 1991-92 के पूर्व प्रत्येक वर्ष वास्तविक आय तथा व्यय रुपये-100.00 लाख से काफी कम रहा । वर्ष 1991-92 में वास्तविक आय तथा व्यय क्रमश रुपये-रुपये-248.06 लाख एवं रुपये- 281.74 लाख रहे है । इन आँकड़ो से स्वतः स्पष्ट हो जाता है कि वर्ष 1991-92 में प्राधिकरण ने सीमित स्टाफ होते हुए भी प्राधिकरण कार्यों को गति दी है । प्राधिकरण की योजना "हरिलोक" जो अत्यन्त आकर्षक है,को पूरा करने की कार्यवाही तेजी से जारी है ।

वर्ष 1992-93 हेतु प्रस्तावित बजट के संलग्न विवरण से विदित होगा कि वर्ष 1992-93 में रुपये- 1105.75 लाख ( रुपये- ग्यारह करोड़ पाँच लाख पिचहत्तर हजार) आय तथा रुपये- 1043.33 लाख ( दस करोड़ तिरतालिस लाख तैंतीस हजार ) व्यय का बजट प्राविधान रखा गया है । सर्वप्रथम यह स्पष्ट करना उचित होगा कि वर्ष 1992-93 की प्रस्तावित आय रुपये- 1105.75 लाख के विरुद्ध रुपये- 1043.33 लाख का व्यय प्राविधान इसलिए विशेष रूप से रखा गया है कि प्रस्तावित आय में से लगभग रुपये- 62.42 लाख ( बासठ लाख बयालिस हजार) मात्र "सिंकिंग फंड" के रूप में विनियोजित तथा "आकस्मिक निधि" के रूप में सुरक्षित रखे जा सकें । किसी भी संस्थान के लिए ऐसा बजट तथा कार्यवाही सुनिश्चित की जानी आवश्यक होती है,जिससे उस संस्थान के पास आकस्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सुरक्षित धन उपलब्ध रहे । यह बजट के सिद्धान्तों का एक मूलभूत अंग भी है ।

वर्ष 1992-93 हेतु प्रस्तावित आय तथा व्यय के सम्बन्ध में विस्तृत स्थिति निम्नप्रकार है :-

(क) प्रस्तावित आय :-

वर्ष 1992-93 में रुपये- 1105.75 लाख की आय प्राप्त करने का प्राविधान रखा गया है । इस प्राधिकरण को प्राप्त करने के लिये स्टाम्प शुल्क से रुपये- 25.00 लाख प्राप्त करना सम्भावित है । वर्ष 1991-92 में आय से अधिक व्यय होने के कारण विनियोजित धन नगण्य हैं । अतः विनियोगों से अत्यधिक कम आय होनी स्वाभाविक है । अतः इस मद में मात्र रुपये- 0.50लाख की आय की प्राविधान रखा गया है । विशेष रूप से कम्पाउंडिंग शुल्क तथा विकास शुल्क की मदों से प्राप्त होने वाली आय क्रमशः 3.50 लाख एवं 35.00 लाख रखी गई है । ये प्राविधान परिस्थिति के अनुकूल है । वस्तुतः फ्रन्ट/सेट बैक कम्पाउंडिंग न करने का निर्णय प्राधिकरण द्वारा लिया गया था । फलस्वरूप कम्पाउंडिंग शुल्क की आय में रुपये- 3.50 लाख का प्राविधान रखना उचित है। वर्ष 1991-92 में इस मद

में रुपये- 1.81 लाख होने से भी आय का प्रस्तावित प्राविधान स्थिति के अनुकूल है। वर्ष 1991-92 में प्राधिकरण द्वारा वास्तविक आय से रुपये- 33.68 लाख अधिक व्यय किया गया है। इसकी प्रतिपूर्ति हेतु रुपये- 20.00 लाख की मेला अधिष्ठान से प्राधिकरण को उपलब्ध कराने का प्राविधान किया गया है। यह धनराशि रुपये- 20.00 लाख प्राधिकरण हित में प्राधिकरण को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना निवेदित है। पूँजीगत आय के रूप में रुपये- 989.25 लाख का प्राविधान प्रस्तावित है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अन्य मदों के अतिरिक्त हरिलोक आवासीय योजना से रुपये- 215.00 लाख की आय तथा आधारित पूँजी के रूप में शासन से रुपये- 150.00 लाख का ऋण तथा हडको, बैंको आदि से रुपये- 275.00 लाख (दो करोड़ पिचहत्तर लाख) के ऋण लेने का प्राविधान रखा गया है। भावी योजनाओं से रुपये- 75.00 लाख की आय का प्राविधान रखा गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति अन्य योजनाएं चलाकर पूर्ण की जायेंगी।

(ख) प्रस्तावित व्यय :-

वर्ष 1992-93 में रुपये- 1043.33 लाख का व्यय का प्राविधान प्रस्तावित किया गया है। संलग्न परिशिष्ट "क" के अवलोकन से विदित होगा कि प्राधिकरण की स्थिति के अनुसार परिस्थितियों के बावजूद रुपये- 25.00 लाख विकास क्षेत्र में सड़को इत्यादि के निर्माण पर रुपये- 25.00 लाख व्यय किये जाने का प्राविधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य विकास कार्यों एवं सौन्दर्यीकरण योजनाओं, पार्कों के निर्माण आदि पर रुपये- 75.00 लाख व्यय करने का भी प्राविधान रखा गया है।

उपरोक्त विवरण प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण से निवेदन है कि संलग्न परिशिष्ट "क" के अनुसार वर्ष 1991-92 के आय तथा व्यय को अनुमोदित करते हुए वर्ष 1992-93 के प्रस्तावित आय प्राविधान रुपये- 1105.75 लाख एवं प्रस्तावित व्यय के प्राविधान रुपये- 1043.33 लाख को पारित किये जाने की कृपा की जाये।

(हस्ताक्षर)

परिशिष्ट (क)

## हरिद्वार विकास प्राधिकरण,हरिद्वार ।

आय/व्यय का विवरण:-

(क) राजस्व आय:-

| क्रमांक | आय के शीर्षक | वर्ष 90-91 की वास्तविक आय (लाख में) | वर्ष 91-92 की अनुमानित आय (लाख में) | वर्ष 91-92 की वास्तविक आय (लाख में) | वर्ष 92-93 का प्रस्तावित आय (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1) | स्टाम्प शुल्क | —— | 27.00 | 24.27 | 25.00 |
| 2) | विनियोगों से आय | 4.66 | 5.00 | 2.72 | 0.50 |
| 3) | भवन नियन्त्रण विभाग की मदों से आय:- | | | | |
| क) | मानचित्र शुल्क | 1.01 | 1.20 | 0.85 | 1.25 |
| ख) | कम्पाउन्डिंग फीस (समाधान शुल्क) | 3.38 | 3.75 | 1.81 | 3.50 |
| ग) | लाइसेंस फीस | 0.27 | 0.30 | 0.25 | 0.30 |
| घ) | न्यायालयों से प्राप्त अर्थदण्ड | —— | 0.10 | —— | 0.10 |
| ङ) | प्रपत्रों की बिक्री | 0.02 | 0.05 | —— | 0.10 |
| [illegible] | विकास शुल्क | 22.69 | 25.00 | 17.69 | 35.00 |
| 6) | भूमि उपयोग/हस्तान्तरण शुल्क-- | —— | —— | 0.41 | 2.00 |
| 7) | पर्यवेक्षण शुल्क | 3.25 | 3.50 | 1.09 | 4.50 |
| 8) | लीजरेंट | —— | —— | 2.20 | 3.00 |
| 9) | विविध प्राप्तियाँ | 1.02 | 1.10 | 0.26 | 1.25 |
| 10) | पुस्तक विक्रय से आय | —— | —— | —— | 20.00 |
| 11) | कुम्भ मेला परिक्षेत्र में कराये गये कार्यों हेतु मेला अधिष्ठान/शासन से प्राप्त होने वाला धन-- | —— | —— | —— | 20.00 |
| | राजस्व आय का योग | 56.30 | 67.00 | 51.55. | 116.50 |

## [ख] पूँजीगत आय :-

| मांक | आय का शीर्षक | वर्ष 90-91 की वास्तविक आय [रु०लाख में] | वर्ष 91-92 की अनुमानित आय [रु०लाख में] | वर्ष 91-92 की वास्तविक आय [रु०लाख में] | वर्ष 92-93 की प्रस्तावित आय [रु०लाख] |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| - | आधारिक पूँजी [शासन से ऋण के रूप में] | — | 50.00 | — | 40.00 |
| - | पर्वतीय विकास विभाग से प्राप्त आधारिक पूँजी | — | — | — | 10.00 |
| ए- | स्थापना अनुदान- | — | — | — | — |
| - | शिवलोक आवासीय योजना- | | | | |
| | एक भवनों/भूखण्डों/दुकानों का पंजीकरण बिक्री आदि- | 6.82 | 10.00 | 9.08 | 10.00 |
| - | शिवलोक आवासीय योजना भाग-2 एवं विस्तार- | | | | |
| | भवनों/भूखण्डों/दुकानों का पंजी० बिक्री आदि- | 55.02 | 50.00<br>15.00 | 62.75 | 45.00 |
| - | ऋषिलोक आवासीय योजना- | | | | |
| | भवनों का पंजी०बिक्री आदि- | 17.30 | 15.00 | 18.59 | 40.00 |
| - | तराय रोड आवासीय योजना | | | | |
| | भवनों/भूखण्डों का पंजीकरण बिक्री आदि- | — | 100.00 | — | 215.00 |
| - | भावी योजनाओं से आय- | — | 60.00 | — | 75.00 |
| [क] | टी०एच०डी०सी० से ऋषिकेश में आवासीय योजना हेतु प्राप्त होने वाला धन- | — | 50.00 | 15.00 | 35.00 |
| ख]- | मेला क्षेत्र मैलडको का निर्माण एवं पथ प्रकाश व्यवस्था, भीमगोडा, सतीकुण्ड सौन्दर्यीकरण, हर की पोडी, त्रिवेणीघाट विशेष प्रकाश व्यवस्था- | — | 130.00 | 81.09 | 66.25 |
| ग]- | सुलभ शौचालय निर्माण हेतु | — | 4.00 | — | 3.00 |
| - | पार्क निर्माण हेतु शासन से अनु- | — | 20.00 | — | 25.00 |
| 0- | पर्वतीय विकास विभाग से अनु० [विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु] | — | 10.00 | 10.00 | 50.00 |

| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| | ऋणों की प्राप्ती:- | | | | |
| - | हडको से | — | 180.00 | — | 235.00 |
| - | बैंको से | — | 75.00 | — | 40.00 |
| - | शासन से (भवन निर्माण, भूमि विकास, दुर्बल आय वर्ग आदि हेतु) | — | 20.00 | — | 100.00 |
| | पूंजीगत आय का योग- | 79.14 | 709.00 | 196.51 | 989.25 |

राजस्व व्यय:-

| क्रमांक | व्यय के शीर्षक | वर्ष 90-91 का वास्तविक व्यय [रु०लाख में] | वर्ष 91-92 का अनुमानित व्यय [रु०लाख में] | वर्ष 91-92 का वास्तविक व्यय [रु०लाख में] | वर्ष 92-93 का प्रस्तावित व्यय [रु०लाख में] |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | अधिष्ठान के वेतन एवं भत्ते- | | | | |
| 1)- | अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन एवं भत्ते | 10.58 | 15.35 | 11.40 | 18.00 |
| 2)- | अवकाश नकदीकरण | 0.48 | 0.50 | 0.48 | 0.60 |
| 3)- | बोनस | 0.31 | 0.50 | 0.39 | 0.50 |
| 4)- | यात्रा भत्ता | 00.37 | 0.75 | 0.46 | 0.75 |
| 5)- | दैनिक वेतन | 0.51 | 0.75 | 0.69 | 1.00 |
| )- | वाहनों पर व्यय:- | | | | |
| )- | वाहन मरम्मत एवं अनुरक्षण | 0.47 | 0.75 | 0.95 | 1.00 |
| )- | पैट्रोल/डीजल | 0.61 | 1.00 | 0.83 | 1.00 |
| | कार्यालय व्यय:- | | | | |
| )- | डाक टिकट | 0.05 | 0.10 | 0.06 | 0.10 |
| )- | स्टेशनरी | 0.10 | 0.25 | 0.40 | 0.50 |
| )- | कार्यालय भवन अनुरक्षण | 0.50 | 0.75 | 0.96 | 1.50 |
| )- | टेलीफोन | 0.07 | 0.75 | 0.37 | 0.75 |
| )- | पुस्तकें एवं समाचार पत्र क्रय | 0.04 | 0.10 | 0.02 | 0.10 |
| )- | कानूनी व्यय | 0.59 | 1.50 | 0.86 | 1.50 |
| )- | सत्कार व्यय | 0.19 | 0.75 | 0.19 | 0.75 |
| )- | छपाई व्यय | 0.11 | 0.25 | 0.17 | 0.30 |
| )- | विज्ञापन एवं प्रचार व्यय | 0.28 | 0.50 | 0.30 | 1.25 |
| )- | आडिट फीस | 0.32 | 0.50 | 0.24 | 0.75 |
| )- | विविध व्यय | 0.20 | 2.50 | 0.11 | 0.50 |
| )- | अस्थायी अग्रिम | 0.61 | 0.10 | 0.66 | 0.20 |
| )- | उपकरण व्यय/अनुरक्षण | 0.03 | 0.50 | 0.06 | 0.50 |
| )- | स्थायी अग्रिम | 0.02 | 0.05 | 0.04 | 0.10 |
| )- | विद्युत व्यय व अनुरक्षण | 0.10 | 0.50 | 0.02 | 0.50 |

| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| - अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अग्रिम- | | | | |
| 1]- वाहन हेतु अग्रिम | — | 2.50 | 0.93 | 1.00 |
| 2]-भवन निर्माण अग्रिम | — | 4.50 | 1.00 | 2.50 |
| - आधारिक पूंजी पर ब्याज का भुगतान- | 5.10 | 5.20 | 2.75 | 5.20 |
| - महायोजना सर्वेक्षण पर व्यय- | 0.01 | 0.50 | 0.04 | 1.00 |
| - विकास कार्यों पर व्यय- | 33.68 | 25.00 | 34.37 | 25.00 |
| - पुस्तक प्रकाशन पर व्यय- | — | — | — | 8.48 |
| राजस्व व्यय का योग- | 55.33 | 66.40 | 58.75 | 75.33 |

टियाल/

........6/-

(ब)-पूंजीगत व्यय:-

| क्रमांक | व्यय का शीर्षक | वर्ष 90-91 का वास्तविक व्यय (रु०लाख में) | वर्ष 91-92 का अनुमानित व्यय (रु०लाख में) | वर्ष 91-92 का वास्तविक व्यय (रु०लाख में) | वर्ष 92-93 का प्रस्तावित व्यय (रु०लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1- | कार, जीप एवं मशीनरी संयत्र भवन आदि- | — | 4.00 | — | 3.00 |
| 2- | फर्नीचर एवं फिक्चर्स | 0.48 | 2.00 | 1.00 | 1.50 |
| 3- | आवासीय योजना हेतु भूमि का क्रय- | | | | |
| | (1)-शिवलोक फेज-2 आवासीय यो0 | — | 1.00 | 1.00 | 1.50 |
| | (2)-सराय रोड | — | 140.00 | 14.08 (14.06) | 150.00 |
| | (3)-भावी आवासीय एवं व्यावसायिक योजना- | 0.02 | 150.00 | — | 40.00 |
| 4- | आवासीय योजनाओं के निर्माण पर व्यय- | | | | |
| | (1)-शिवलोक आवासीय योजना-1 हरिद्वार- | 12.14 | 5.00 | 3.79 | 5.00 |
| | (2)-ऋषिकेश की शिवलोक आवासीय योजना- | 23.75 | 15.00 | 8.03 | 3.00 |
| | (3)-शिवलोक भाग-2 एवं विस्तार पर व्यय- | 41.25 | 80.00 | 95.50 | 60.00 |
| | (4)-सराय रोड आवासीय यो0 | — | 50.00 | — | 445.00 |
| | (5)-योजना व्यय हेतु अग्रिम | — | — | — | — |
| | (6)-भावी योजना पर व्यय | 0.55 | 10.00 | — | 50.00 |
| | (7)-प्राधिकरण के अधिकारियों के लिए आवास निर्माण- | 0.13 | 17.00 | — | 10.00 |
| | (8)-पार्क निर्माण (शासन से प्राप्त धन से) | — | 20.00 | — | 25.00 |
| | (9)-टी0एच0डी0सी0भवनों का निर्माण- | — | 50.00 | — | 50.00 |
| - | सुलभ शौचालयों का निर्माण | — | 4.00 | — | 3.00 |
| - | विकास कार्य एवं सौन्दर्यीकरण आदि (पर्वतीय विकास के अनु0 के विपरीत) | — | 13.00 | 10.00 | 50.00 |

क्रमश:/

......7/-

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| 7- | मेला क्षेत्र में सड़कों का निर्माण एवं पथ प्रकाश व्यवस्था, भीम गोंडा, सतीकुण्ड, हर की पौडी, त्रिवेणी घाट विशेष प्रकाश व्यवस्था- | —— | 136.00 | 81.09 | 66.00 |
| 8- | ऋणों का प्रतिदान | 0.23 | 10.00 | —— | 5.00 |
| 9- | पुस्तक प्रकाशन पर व्यय | —— | —— | 8.52 | —— |
| | पूंजीगत व्यय का योग- | 78.55 | 707.00 | 222.99 | 568.00 (968.00) |

## बजट एक दृष्टि में [ रुपये लाख में ]

| क्रमांक | मद | वर्ष 91–92 का अनुमानित | वर्ष 91–92 का वास्तविक | वर्ष 92–93 का प्रस्तावित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1– | राजस्व आय– | 67.00 | 51.55 | 116.50 |
| 2– | पूंजीगत आय– | 709.00 | 196.51 | 989.25 |
| 3– | योग | 776.00 | 248.06 | 1105.75 |
| 4– | राजस्व व्यय | 66.40 | 58.75 | 75.33 |
| 5– | पूंजीगत व्यय | 707.00 | 222.99 | 968.00 |
| 6– | कुल व्यय योग– | 773.40 | 281.74 | ~~983.33~~ 1043.33 |
| [7]– | अन्तिम शेष | 2.60 | 33.68 | ~~122.42~~ 62.42 |

मद संख्या-2:-प्रस्तावित बजट वर्ष 1992-93 एंव वर्ष 1991-92 का आय-व्यय लेखा।

वर्ष 1992-93 का बजट विस्तार से प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण के मुख्य-लेखाधिकारी द्वारा समुचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए गये। बजट पारित आदि पर विस्तार से विचारोपरान्त प्रस्तुत बजट को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के साथ पारित किया गया।

1- बजट में प्रस्तावित आय रूपये, 1105.75लाख के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जॉय।

2- समय वद्ध कार्यक्रम प्राधिकरण की आय को सुनिश्चित करने के लिए तैयार करके उनका क्रियान्वयन किया जाय।

3- आगामी तीन महीने में प्रस्तावित आय एंव व्यय के विरूद्ध वास्तविक आय एंव व्यय का ब्यौरा अध्यक्ष/आयुक्त को प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा आवश्यकतानुसार पुनरीक्षित बजट में तैयार करके प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4- प्राधिकरण द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी कि उपाध्यक्ष,हरिद्वार विकास प्राधिकरण,हरिद्वार प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों के दायित्व निर्धारित करके उनकी समीक्षा के अनुसार मोनेटरिंग करेगें।

Ramsore

सचिव
हरिद्वार विकास प्राधिकरण
हरिद्वार

हरिद्वार विकास प्राधिकरण
हरिद्वार